## खबर संक्षेप

### नवरात्र सनातन धर्म के लिए आवश्यक : बजाज



**रादौर।** जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में वीरवार को नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा के साथ घट स्थापना की गई। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. कल्पना बजाज ने नवरात्रि के प्रथम दिन घट स्थापना करके मां शैलपुत्री की पूजा की। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति के अनुसार यह नवरात्रि सनातनियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत के अनुसार नव वर्ष भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही आरंभ होता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म है जो पूरे संसार के कल्याण के लिए प्रार्थना करता है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में 9 दिन अलग-अलग नवदुर्गा की पूजा होती है। आज प्रथम दिन है आज माता शैलपुत्री की पूजा की गई है। स्कूल के चेयरमैन मुकेश शास्त्री ने बताया कि उनका उद्देश्य विद्यार्थियों को हर प्रकार की सुविधा देना है।इस अवसर पर अखिल कंबोज, हिमांशु शर्मा, प्रिंस, संदीप, दीपिका शर्मा, निशा, शोभा, मीनाक्षी, पूनम आदि उपस्थित रहे।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट्स स्वयं को अपडेट रखें: दीक्षित

**पानीपत।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की डायरेक्ट टैक्सेस कमेटी के तत्वावधान में उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद (एनआईआरसी) की पानीपत शाखा द्वारा प्रधान सीए भूपिंद्र दीक्षित की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन किया। वहीं, सेमिनार का विषय स्टेटमेंट ऑफ फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन्स (एसएफटी) की फाइलिंग (फॉर्म 61ए एवं 61बी), ई-वेरिफिकेशन स्कीम एवं आयकर अधिनियम, 2025 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए आगे की दिशा रहा। इधर, अतिथि मीना कुमारी इनकम टैक्स ऑफिसर, करनाल ने दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं, सेमिनार के मुख्य वक्ता पंकज सराओगी रहे, जिन्होंने एसएफटी फाइलिंग, ई-वेरिफिकेशन स्कीम एवं आयकर अधिनियम, 2025 से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी।

### विधायक ने निजी कोष से भेंट किए बास्केटबाल पोल

**पानीपत।** पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपने निजी कोष से बास्केटबॉल खिलाड़ियों को बास्केटबॉल पोल भेंट किए। वहीं विज ने खुद भी बच्चों के साथ बास्केट बॉल खेल कर उनका उत्साह बढाया। इधर, विधायक प्रमोद विज ने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं और खेल उन्हें अनुशासन, टीम भावना तथा स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करते हैं। वहीं, खिलाडियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है ताकि वे अपने खेल कौशल को निखार सकें और प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकें। वहीं खिलाडियों ने विधायक विज का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह की सुविधाएं मिलने से उन्हें अभ्यास करने में काफी मदद मिलेगी और वे भविष्य में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।

### रैली के लिए गांव चमरोड़ी व कुंजल पहुंचा राज्य स्तरीय जन आक्रोश जत्था

# सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 24 को होगी विशाल रैली

**रैली में किसानों को एमएसपी, स्मार्ट व प्रीपेड बिजली मीटर बिल व विदेशी बीजों के लिए नए कानूनों के खिलाफ करेंगे प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



रादौर। गांव चमरोडी में आयोजित कार्यक्रम में बोलते मुख्यवक्ता।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी के आह्वान पर 24 मार्च को विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली भाजपा सरकार की कॉर्पोरेट सांप्रदायिकता परस्त जन विरोधी नीतियों के विरूद्ध रामलीला मैदान नई दिल्ली में होगी। इस रैली के लिए राज्य स्तरीय जन आक्रोश जत्था 19 मार्च को सिरसा से शुरू होकर वीरवार को गांव चमरोडी व कुंजल जाटान पहुंचा। जन आक्रोश जत्थे का नेतृत्व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव कामरेड प्रेमचंद व सचिव मंडल सदस्य कामरेड इंद्रजीत सिंह ने किया। माकपा के राज्य सचिव कामरेड प्रेमचंद ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार का चरित्र पूरी तरह से जन विरोधी है। देश के किसान-मजदूर आम मेहनतकश जनता के खिलाफ पूंजीपतियों के बंधुआ गुलाम बनाने के लिए चार लेबर कोड लागू कर दिए गए हैं जिसके चलते देश के संविधान में मिले अपने अधिकारों के लिए हड़ताल करना व यूनियन बनाना कानूनी अपराध बना दिया गया है। ग्रामीण आबादी के मजदूरों से रोजगार छिनते हुए मनरेगा कानून को खत्म कर दिया गया। ऐतिहासिक किसान आंदोलन के बाद किसानों से फसल खरीद गारंटी कानून एमएसपी लागू नहीं किया गया। जन विरोधी बिजली बिल 2025 के तहत स्मार्ट व प्रीपेड मीटर लगाकर10 रूपए से लेकर 20 रूपए तक प्रति मिनट के हिसाब से जनता से वसूली करने का षड्यंत्र रचा गया। देश के किसानों के खिलाफ विदेशी कंपनियों के लिए विदेशी बीजों के लिए नया कानून बना दिया गया। अमेरिकी साम्राज्यवाद ने पूरी दुनिया को तेल पर कब्जा करने के लिए युद्ध में झोंक दिया। वर्तमान समय में ईरान पर अमेरिका व इजराइल का हमला मानवता विरोधी है, जिसकी मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी कड़े शब्दों में आलोचना करती है। लेकिन बड़े शर्म की बात है कि भारत सरकार ने अपने मित्र देश ईरान व रूस का साथ अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप व इजराइली प्रधानमंत्री नेतनयाहू की गुलामी स्वीकार करते हुए देश की संप्रभुता और आत्म सम्मान को बेच खाया है। देश की जनता केंद्र व राज्य सरकार को इस कदम के लिए कभी माफ नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ सभी कर्मचारी जोरदार प्रदर्शन करेंगे और मांगों को मानने के लिए मजबूर करेंगे।

इस अवसर पर अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष जरनैल सिंह सांगवान, जनवादी महिला समिति की राज्य कमेटी से सबिता मलिक, महिपाल, वेदपाल, चंदा सिंह, वेदवती, बचनी, राम मूर्ति, नायब सिंह, सुखबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

**पूंजीपतियों को बेचे देश के सार्वजनिक क्षेत्र**

उन्होंने कहा कि अपने बड़े पूंजीपति मित्रों अडानी व अंबानी को देश के बड़े सार्वजनिक क्षेत्रों को कौडियों के भाव बेच दिया है, इन सभी मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में ऐतिहासिक विशाल किसान मजदूर रैली आयोजित की जा रही है। सचिव मंडल सदस्य कामरेड इंद्रजीत सिंह व उधम सिंह राठी ने कहा कि देश के अंदर जो वर्तमान हालात पैदा किए हैं उसके लिए पूरी तरह से मोदी सरकार जिम्मेदार है। देश की जनता गैस के सिलेंडर की कमी को लेकर लाखों करोड़ों की संख्या में सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। नोटबंदी की तरह लंबी लाइनों में लगकर गैस सिलेंडर की इंतजार में गत दिनो पंजाब में दो लोगों की मृत्यु हो गई। गैस पेट्रोल डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है। जिसके चलते महंगाई आसमान पर है। परिवार का पालन पोषण मुश्किल हो गया है। महिलाओं पर सबसे बड़ी आर्थिक मार पड़ रही है। जनता की मूलभूत सुविधाओं पर खर्च होने वाले बजट में लगातार कटौती की जा रही है। उन्होंने बताया कि देश और दुनिया में जनहित के काम में केरल मानवता के सामान्य आधार पर विकास के रूप में मॉडल के तौर पर सबसे नंबर वन है। इन्कलाबी कला मंच हरियाणा ने नुक्कड़ नाटक इंसाफ की पुकार, वर्तमान मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों का पर्दाफाश करते हुए किया और देशभक्ति के गीत और रागिनी की प्रस्तुतियां की गई।

# निष्ठा व गुणवत्ता से करें जनगणना कार्यः एडीसी



यमुनानगर। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन पर ट्रेनर्स को दिशा निर्देश देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा। फोटो : हरिभूमि

- जनगणना के द्वितीय चरण के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन
- अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने शिविर के समापन अवसर पर की कार्यक्रम की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत शहर के जिमखाना क्लब में आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। समापन अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने अध्यक्षता की। वहीं, मौके पर सह नोडल अधिकारी एवं नगराधीश पीयूष गुप्ता मौजूद रहे। इस दौरान सभी फील्ड ट्रेनर्स द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण कर एचएलओ ऐप का व्यावहारिक उपयोग किया गया।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ऐप के माध्यम से डेटा संग्रहण, प्रविष्टि तथा अन्य तकनीकी पहलुओं की विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने सभी फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना कार्य को पूर्ण निष्ठा एवं गुणवत्ता के साथ संपन्न करने तथा जिला यमुनानगर को उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ शीर्ष स्थान पर बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त फील्ड ट्रेनर्स आगामी अप्रैल माह में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को इसी प्रकार का प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। जिससे जनगणना कार्य को और अधिक सुचारू, सटीक एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन करने का मुख्य उदेश्य जनगणना प्रक्रिया को पारदर्शी, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाना है। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों को जनगणना के लिए जरूरी दिशा निर्देश प्रदान किए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला सांख्यिकी अधिकारी राज कुमार हुड्डा, जिला समन्वय अधिकारी (जनगणना) निधि भाटिया, मास्टर ट्रेनर सुखबीर सिंह व सुरेंद्र कुमार राठी आदि मौजूद रहे।

# जनता दरबार व रात्रि ठहराव में एडीसी ने सुनी मैहलांवली में लोगों की समस्याएं

- ग्रामीणों ने बताई सड़क, बिजली, रोजगार संबंधी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। लोगों की समस्याएं सुनते एडीसी नवीन अहुजा।

जिला प्रशासन द्वारा गांव मैहलांवाली में जनता दरबार व रात्रि ठहराव का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बीडीपीओ दीपांशु जिंदल को देश की सबसे बड़ी परीक्षा आईएएस उर्तीण करने पर शॉल भेट कर बधाई व शुभकामनाएं दी। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जनता दरबार में जगजीत सिंह ने बिना सहमति से मुस्तरका जमीन बेचने बारे, जगजीत सिंह ने डेरा खडगसिंह ढाणी में बिजली की वोल्टेज कम आने बारे, मामूराम ने सौ प्रतिशत दिव्यांग होने से रोजगार उपलब्ध करवाने बारे, सर्वजीत सिंह ने गांव मैहलावाली के एंट्री प्वांइट से लेकर देवी के मंदिर तक पीडब्ल्यूडी सडक बनवाने बारे, धर्मबीर ने एससी समुदाय की जमीन पर सरपंच द्वारा नाजायज कब्जा करने बारे, सुरेन्द्र देवी ने अंतिम सर्वे में प्रार्थी का नाम काटे जाने बारे व लखविंदर सिंह ने बिजली मीटर के मिस यूज पर शिकायतें रखी।

### 4 को मनाई जाएगी धन्ना भगत की जयंती

**रादौर।** जाटनगर में शनिवार 4 अप्रैल को धन्ना भगत की 610 वीं जयंती मनाई जाएगी। जानकारी देते हुए जाट सभा के प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल ने बताया कि धन्ना भगत एक महान व्यकित्व के स्वामी थे। जिन्होंने अपनी अपार भक्ति से परमात्मा को धरती पर आने के लिए मजबुर कर दिया था। दुनिया के इतिहास में बहुत कम ऐसे भक्त हुए हैए जिनकी भक्ति से प्रसन्न होकर परमात्मा को जमीन पर आना पडा। धन्ना भगत उन भक्तों में से एक हैए जिन्होंने परमात्मा को अपनी भक्ति से प्रसन्न करके पृथ्वी पर आने के लिए मजबुर कर दिया था। हमें ऐसे भक्त पर हमेशा नाज रहेगा। उन्होंने कहा कि हमें धन्ना भगत के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करने की शपथ लेनी चाहिए।

# मौसम में बदलाव के चलते बीमारियों से बचाव पर खानपान में बरतें सावधानीः सिंह

- शिविर में की 180 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। शिविर में अस्थमा रोगियों की जांच करते चिकित्सक।

मौसम में बढ़ रहे तापमान की वजह से अस्थमा, सांस व शुगर जैसी बीमारियों से बचने के लिए लोगों को अपने खान पान पर विशेषकर ध्यान देना चाहिए। मरीजों को बदलते मौसम के चलते बाहरी खाद्य पदार्थों व तली हुई चीजों को खाने से परहेज करना चाहिए। उक्त शब्द अस्थमा एवं सांस रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने वीरवार को शहर के कैंप स्थित निर्मल अस्पताल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में कहे। मौके पर बाल रोग विशेषज्ञों ने बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच की।

शिविर में डॉ. निर्मल सिंह के नेतृत्व में कुशल चिकित्सकों की टीम ने 180 मरीजों की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाइयां दी गई। इस दौरान अधिकांश मरीज सांस, अस्थमा, हृदय व दमा रोग के पाए गए। अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि आजकल मौसम के तापमान में बढ़ौत्तरी हो रही है। जिसकी वजह से सांस, दमा, हृदय, अस्थमा व शुगर के मरीजों को ऐहतियात बरतने की जरूरत है।



रादौर। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

### मुकंदलाल कॉलेज में इंटर्नशिप ट्रेनिंग पर हुआ सत्र

**रादौर।** मुकंदलाल कॉलेज में वीरवार को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत इंटर्नशिप ट्रेनिंग को लेकर विद्यार्थियों के लिए सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध प्रशिक्षण के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार अपनी रुचि व योग्यता के अनुसार क्षेत्र का चयन करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के इंचार्ज डॉ. महेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को पूरी प्रक्रिया को कैसे करना है, उसको एक सेशन के माध्यम से अवगत करवाया। प्राचार्य डॉ. माला शर्मा ने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्लेसमेंट सैल के इंचार्ज प्रो. आशीष भल्ला ने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप से जुड़ी आवश्यक जानकारियां प्रदान की और इसके महत्व के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. चा सीकरी, बंटी कुमार, सिमरन, पूजा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जिले भर में हवन-यज्ञ व प्रभात फेरी से मनाया विक्रमी नवसंवतः 2083

- प्रभातफेरी व ध्वजा परिक्रमा यात्रा निकालकर युवापीढ़ी को नवसंवत पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। शहर में ध्वजा परिक्रमा यात्रा निकालते हुए श्रद्धालु।

भारतीय परंपरा अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर से शुरु होने वाले राष्ट्रीय नववर्ष एवं विक्रमी संवत 2083 वीरवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कहीं पर हवन-यज्ञ किए गए तो कहीं पर प्रभातफेरी निकालकर हिंदू नवसंवत को मनाया गया। खास बात यह रही कि नवसंवत पर अधिकांश लोगों ने अपने घरों पर भगवा ध्वज फहराया। वहीं, प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा और मेयर सुमन बहमनी ने नवसंवत की शुभकॉमनाएं दी। दुर्गा माता मंदिर के श्रद्धालुओं द्वारा नवसंवत व प्रथम नवरात्र पर शहर में ध्वजा परिक्रमा यात्रा निकाली गई। परिक्रमा यात्रा में श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए लोगों को हिंदू नवसंवत के बारे में महत्व बता रहे थे।

### भागवत कथा प्रेम व समर्पण का देती है संदेशः महाराज

**यमुनानगर।** हनुमान मंदिर रामपुरा कालोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथाव्यास स्वामी चैतन्य मृदुल महाराज ने श्री कृष्ण व रुकमणी विवाह और रासलीला प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान कथाव्यास ने महारास लीला, मथुरा प्रस्थान, कंस वध और द्वारका की स्थापना जैसी दिव्य घटनाओं का वर्णन किया। मृदुल महाराज ने फरमाया कि भागवत कथा प्रेम व समर्पण का संदेश देती हैं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया। कथाव्यास स्वामी चैतन्य मृदुल महाराज ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। रासलीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर बोलते हुए कथा व्यास ने कहा जब जब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाते हैं। जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है।



यमुनानगर। श्रीमद्भागवत कथा में भजनों पर झूमते हुए श्रद्धालु।

# यौगिक क्रियाएं शारीरिक व मानसिक रूप से शरीर को रखती स्वस्थः डॉ.सिंह

- योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। शिविर में योग करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में वूमेन सेल द्वारा जमना ऑटो इंडस्ट्रीज के सीएसआर यूनिट के सहयोग से योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में साधकों ने विभिन्न यौगिक क्रियाएं की।

प्रोफेसर स्वाती ने बताया कि योग शिविर में विद्यार्थियों ने फिजिकल फिटनेस, मेंटल वेल, बीइंग और स्ट्रेस मैनेजमेंट को प्रमोट करने पर फोकस किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्राणायाम समेत विभिन्न योगासन किए। मौके पर विद्यार्थियों को विभिन्न यौगिक क्रियाओं के करने से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने वूमेन सेल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यौगिक क्रियाएं शरीर को जहां स्वस्थ रखने में सहायक हैं। वहीं, योग करने से मानसिक स्वास्थ्य स्वस्थ रहता है। विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

### मां बालासुदरी के मंदिर में चौदह दिवसीय मेले का शुभारंभ

# प्रथम नवरात्र पर मंदिरों में गूंजे माता के जयकारे

**मां के मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने की मां के प्रथम स्वरूप शैलपूत्री की पूजा अर्चना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। मंदिरों में माथा टेकने के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु।

चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर वीरवार से शुरू हुए प्रथम नवरात्र पर जिले भर के मां के मंदिरो में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता के दर्शन किए और मां के प्रथम स्वरूप शैलपूत्री की पूजा अर्चना की। इस दौरान सबसे अधिक श्रद्धालुओं ने हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर स्थित त्रिलोकपुर में स्थित मां बाला सुंदरी मंदिर व यूपी के बेहट के नजदीक स्थित मां शाकूंबरी मंदिर में पहुंचकर माथा टेका और पूजा अर्चना की। इस दौरान मां बाला सुंदरी के दरबार में चौदह दिवसीय मेले का भी शुभारंभ किया गया। प्रथम नवरात्र पर वीरवार को माता बाला सुंदरी के दर्शन करने के लिए जाते समय श्रद्धालुओं ने भक्त ध्यानु के दर्शन भी किए। इसके अलावा देवी ताल तथा पीपल व माहेश्वरी के प्राचीन मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने अपनी हाजिरी लगाई। कहते हैं माता के दरबार में पहुंचने से सभी की मन्नतें पूरी होती हैं और मां उन पर कृपा करती हैं। पंडित लछमन ने बताया कि मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का वाहन वृषभ है। इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं।

**मां के मंदिरों में उमड़ी भीड़**

वीरवार सुबह होते ही मां भगवती के जिला स्थित मां दुर्गा के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। खास बात यह रही कि हरियाणा की सीमा स्थित शक्तिपीठ मां बाला सुंदरी व अन्य शक्तिपीठों में श्रद्धालु बीती रात से ही अपने-अपने ट्रैक्टर-ट्रालियों या फिर अन्य वाहनों में सवार होकर पहुंचने लगे थे। वहीं, मां बाला सुंदरी के मंदिर में चैत्र और अश्वनी माह में दो बार नवरात्र पर्व के अवसर पर मेले का आयोजन होता है। इस बार भी वीरवार से मेले का शुभारंभ हो गया। जिसमें इस बार भी चौदह दिवसीय मेले में रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंचकर मां बाला सुंदरी के दर्शन कर पूजा अर्चना करेंगे और अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए कामना करेंगे।

## श्रद्धा, संस्कृति और नवचेतना के साथ हिंदू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ

# गुड़ी पड़वा, उगादी और चैत्र नवरात्रि के रूप में देशभर में दिखी परंपराओं की विविधता

## प्रेरणावृद्ध आश्रम में हवन-यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



देशभर में हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 का स्वागत बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वदेशी जागरण मंच, कुरुक्षेत्र के सौजन्य से प्रेरणावृद्ध आश्रम में नववर्ष का शुभारंभ विधि-विधान से हवन कर किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक व धार्मिक वातावरण देखने को मिला। आश्रम के संस्थापक डॉ. जय भगवान सिंगला ने बताया कि आज से चैत्र नवरात्रि का भी पावन आरंभ हो गया है, जिससे इस दिन का महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में हर शुभ कार्य की शुरूआत हवन से होती है, जो न केवल आध्यात्मिक शुद्धि देता है बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी है। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने नव संवत्सर की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस वर्ष विक्रम संवत 2083 में 13 महीने होंगे। स्वदेशी जागरण मंच के जिला प्रचार प्रमुख हरिकेश पपोसा ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन सृष्टि की रचना का प्रारंभ हुआ था, इसलिए इसे नव संवत्सर के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर ताराचंद और गगनदीप ने कहा कि हिंदू नववर्ष को देशभर में विभिन्न नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। महाराष्ट्र में इसे गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी और उत्तर भारत में चैत्र नवरात्रि एवं नव संवत्सर के रूप में मनाया जाता है।

## धीमान ब्राह्मण पंचायत सभा में हवन-यज्ञ का आयोजन



कुरुक्षेत्र। धीमान ब्राह्मण पंचायत सभा, कुरुक्षेत्र में आज भारतीय नव वर्ष (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के पावन अवसर पर नव ऊर्जा, उत्साह एवं नव संकल्प के साथ एक भव्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि भारतीय नव वर्ष का प्रारंभ चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होता है, जिसे विक्रम संवत का आरंभ माना जाता है। यह दिन भारतीय संस्कृति में अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन से सृष्टि की रचना का प्रारंभ माना जाता है। देश के विभिन्न भागों में इसे अलग-अलग नामों से मनाया जाता है, जैसे गुड़ी पड़वा, उगादी आदि। यह पर्व नव ऊर्जा, नई शुरूआत और सकारात्मक संकल्पों का प्रतीक है। इस धार्मिक आयोजन में समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं अनेक बंधु-बंधुओं ने भाग लेकर हवन में आहुति दी तथा नव वर्ष के आगमन पर सुख-समृद्धि, शांति एवं समाज की उन्नति की कामना की।

## गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में यज्ञ से हुआ नववर्ष का आरंभ

कुरुक्षेत्र। भारतीय पञ्चांग एवं परंपराओं के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का वैज्ञानिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्व है। मान्यता है कि



इसी दिन सृष्टि का प्रारंभ हुआ, जिससे यह दिन सृजन और नव आरंभ का प्रतीक बन गया। इसी तिथि से विक्रम संवत का प्रारंभ माना जाता है, जो महान सम्राट विक्रमादित्य के राज्याभिषेक से संबंधित है। यह पर्व प्रकृति में नव परिवर्तन का भी द्योतक है। साथ ही यह दिन डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जी की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है, जो हमें राष्ट्रभक्ति, संगठन और संस्कारों की प्रेरणा देता है। इस पावन अवसर पर आज विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृत आचार्य विकास शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं यज्ञ से हुआ, जिससे वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक एवं ऊर्जावान बन गया।

## सनातन वैदिक नव संवत्सर नए सृजन, नई ऊर्जा और नई शुरुआत का प्रतीक : डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र

कुरुक्षेत्र। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा वैदिक पंचांग के अनुसार नव वर्ष का प्रथम दिवस है। यह दिन केवल कैलेंडर परिवर्तन नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और चेतना के नव



जागरण का प्रतीक है। यही दिवस विक्रम संवत का शुभारंभ करता है, जिसकी स्थापना सम्राट विक्रमादित्य ने की थी। भारतीय संस्कृति में यह दिन नई ऊर्जा, नवसृजन और सकारात्मक शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। यह विचार सनातन वैदिक नववर्ष, चैत्र नवरात्रि एवं विक्रमी नव संवत्सर - 2083 के शुभारंभ एवं अभिनंदन के उपलक्ष्य में ब्रह्मसरोवर के पावन परिसर में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए। सनातन वैदिक नव संवत्सर अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा भारतीय परंपरा में इस दिन को नए सृजन, नई ऊर्जा और नई शुरूआत का प्रतीक माना जाता है।

**भद्रकाली मंदिर में लगीं भक्तों की लंबी कतारें**

## आतिशबाजी के साथ हिन्दू नववर्ष का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर, कुरुक्षेत्र में प्रथम नवरात्रि के साथ नव संवत्सर हिंदू नव वर्ष का प्रारंभ हुआ, मंदिर के कपाट खुलने से पहले ही मंदिर में भक्तों की भारी लाइन लग गई थी। सबसे पहले प्रातः कालीन 6 बजे की मंगला आरती मुख्य पुजारिन श्रीमती शिमला देवी ने की और उसके बाद शक्ति कलश पूजन किया और देवीदयाल शर्मा ने मंगला आरती की सर्वप्रथम माँ भद्रकाली जी को माँ शैलपुत्री स्वरूप मानकर उनकी पूजा और श्रृंगार किया और केसर का भोग लगाया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि माँ शैलपुत्री देवी पार्वती का ही एक रूप हैं जो नंदी पर सवार, श्वेत वस्त्र धारण करती हैं। उनके एक हाथ में त्रिशूल और एक हाथ में कमल विराजमान है। माँ भद्रकाली जी को दीप, फल, फूल, माला, रोली, अक्षत चढ़ा कर पूजन किया गया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि आज ही के दिन हिंदू नव वर्ष नया विक्रमी संवत 2083 भी प्रारंभ हुआ है। मंगला आरती के बाद प्रातः 7 बजे पूरे विधि विधान के साथ मुख्य पुजारिन माता शिमला देवी ने स्वर्णिम खजाने का पूजन किया और उसके बाद भक्तों में माँ भद्रकाली जी का विशेष सचित्र स्वर्णिम अनमोल खजाना वितरित किया गया।

### 108 फीट ऊंचे शिखर पर की आतिशबाजी

प्रथम नवरात्रि को हिंदू नव वर्ष अभिनंदन , विक्रम संवत 2083 का भी आयोजन किया गया जिसमें नगर देवी माँ भद्रकाली कुरुक्षेत्र वाली के 108 फुट ऊंचे शिखर पर भव्य आतिशबाजी का आयोजन कैलेंडर नव वर्ष पर होने वाले विश्वप्रसिद्ध बुर्ज खलीफा स्टाइल में किया गया। इस आतिशबाजी महोत्सव में विशेष /"कलर डे आउट और सिर्फ ग्रीन पटाखे/" प्रयोग किए गए और 1500 से भी ज्यादा कोल्ड फायर पटाखे लगाए गए। विशेषतौर पर 2 चकरी कोल्ड फायर , 10 रंग वाले डे आउट पटाखे कल 101 स्काई शॉट, रिबन बैरल इत्यादि का इस्तेमाल किया गया।

**खबर संक्षेप**



### अत्याधुनिक पर्ल निसान केंद्र का हुआ उद्घाटन

कुरुक्षेत्र। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने कुरुक्षेत्र में नए एवं अत्याधुनिक पर्ल निसान 3एस केंद्र के उद्घाटन के साथ हरियाणा में अपना फुटप्रिंट बढ़ाया है। यह कदम भारत के प्रमुख बाजारों में सेल्स एवं सर्विस के अनुभव को सुगम बनाने और अपनी पहुंच बढ़ाने के निसान के मौजूदा प्रयासों के तहत उठाया गया है। इस केंद्र के माध्यम से ग्राहकों को एक ही छत के नीचे सेल्स, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स सपोर्ट की सुविधा मिल सकेगी।

### समाधि साधन है, सुमिरन सिद्धि है : सिद्धार्थ औलिया

कुरुक्षेत्र। श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरू मैत्री संघ हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरू धाम में चैत्र नवरात्रि उत्सव श्रद्धा और भक्ति पूर्वक मनाया जाएगा। भारत और विदेशों के मां दुर्गा के सभी भक्तजन जूम ऑनलाइन के माध्यम से अपने परिवार सहित अपने घर और व्यवसायिक स्थान पर कर सकते है। सुमिरन परमात्मा के आकाश में उड़ान है। समाधि ज्ञान है, सुमिरन प्रेम है। समाधि साधन है, सुमिरन सिद्धि है। समर्थगुरु धारा चैत्र नवरात्र उत्सव कार्यक्रम 19 मार्च से 27 मार्च तक होंगे।

## हवा-बूंदाबांदी से लौटी ठंडक, फसलों को लेकर किसानों की चिंताएं बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जिला में वीरवार को मौसम ने अचानक करवट ली जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली, लेकिन अन्नदाताओं की धड़कनें तेज हो गई हैं। सुबह से ही आसमान में बादल छा गए। वीरवार सुबह मौसम ने करवट बदली, जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आईं। वीरवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर करीब एक बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई। उल्लेखनीय है कि वीरवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे, जिसका असर तापमान पर भी हुआ। अधिकतम तापमान जहां 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया वही न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर आसमान में घने बादल छाए रहने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे ला दी। एक ओर जहां आम जनमानस को सुहावने मौसम से राहत मिली है, वही दूसरी ओर इस बेमौसम बारिश ने किसानों की



चिंताएं बढ़ा दी है। वर्तमान में खेतों में गेहूं, सरसो की फसल पूरी तरह से तैयार खड़ी है। किसानों को भय सता रहा है कि यदि बारिश का सिलसिला तेज होता है, तो उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फिर सकता है और फसलों को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। किसान मनवीर ने कहा कि खेतों में गेहूं की फसल लगभग पककर तैयार है और कटाई का समय नजदीक आ रहा है। इस अहम वक्त पर यदि बारिश होती है तो न सिर्फ फसल की पैदावार घटेगी, बल्कि उसकी गुणवत्ता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## प्रो. थलप्पिल प्रदीप गोयल पुरस्कार से होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 3 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित गोयल पुरस्कार समारोह में नैनोविज्ञान एवं स्वच्छ जल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए प्रो. थलप्पिल प्रदीप को गोयल पुरस्कार 2023-24 से सम्मानित किया जाएगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि वर्ष 1992 से विश्वविद्यालय देश के उत्कृष्ट वैज्ञानिकों को यह सम्मान प्रदान करता आ रहा है, जो इसे एक विशिष्ट पहचान दिलाता है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को 2 लाख रुपये की नकद राशि, स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। 3 अप्रैल को विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आयोजित इस भव्य समारोह में देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित



वैज्ञानिकों की उपस्थिति रहेगी। प्रो. प्रदीप का जन्म 8 जुलाई 1963 को केरल के पंथावूर में हुआ। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरकारी विद्यालयों से प्राप्त की और आगे चलकर यूनिवर्सिटी ऑफ कालीकट से उच्च शिक्षा हासिल की। उन्होंने भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु से प्रो. सी.एन.आर. राव एवं प्रो. एम.एस. हेगड़े के मार्गदर्शन में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की।

### अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित कि जा चुके

उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले तथा पड्र्यू यूनिवर्सिटी में पोस्ट-डॉक्टोरल शोध कार्य किया। वर्ष 1993 में वे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास से जुड़े, जहां वे वर्तमान में इंस्टीट्यूट प्रोफेसर (संस्थान का सर्वोच्च शैक्षणिक पद) के रूप में कार्यरत हैं। प्रो. प्रदीप का शोध कार्य नैनोविज्ञान, एटॉमिक स्तर के मेटल क्लस्टर्स, नैनोमैटेरियल्स तथा जल से संबंधित इंटरफेशियल प्रक्रियाओं पर केंद्रित है। उन्होंने न केवल नैनोविज्ञान में मौलिक शोध को नई दिशा दी है, बल्कि अपने कार्यों के माध्यम से समाज की महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान भी प्रस्तुत किए हैं। विशेष रूप से उन्होंने सस्ती, प्रभावी एवं टिकाऊ पेयजल शुद्धिकरण तकनीकों का विकास किया है, जिनके माध्यम से आर्सेनिक, कीटनाशकों तथा अन्य हानिकारक तत्वों को हटाया जा सकता है। उनकी विकसित तकनीकों से देश-विदेश में लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं और ये तकनीकें औद्योगिक स्तर पर भी तेजी से विस्तार पा रही हैं। जल-सुरक्षित भविष्य के निर्माण हेतु उन्होंने इंटरनेशनल सेंटर फॉर क्लीन वाटर की स्थापना भी की है। प्रो. प्रदीप ने 600 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं, उनके नाम 100 से अधिक पेटेंट दर्ज हैं तथा उन्होंने कई महत्वपूर्ण पुस्तकों की रचना भी की है। उनके शोध कार्य स्टार्टअप्स और तकनीकी साझेदारियों के माध्यम से उत्पादों में भी परिवर्तित हुए हैं। उन्हें पद्मश्री सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उनका योगदान विज्ञान को समाज से जोड़ने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसने उन्हें वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई है।



## कुवि कुलगुरु ने किया अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के ब्रॉशर का विमोचन

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एडवांसमेंट्स इन कम्प्यूटेशनल एंड एप्लाइड साइंसेज विषय पर 29 से 30 अप्रैल तक आयोजित होने वाले ब्रॉशर का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कम्प्यूटेशनल एवं एप्लाइड साइंसेज आज के दौर में विज्ञान और समाज के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शोध, नवाचार और ज्ञान के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं, जहां देश-विदेश के विद्वान एक साथ आकर नए विचारों और शोध निष्कर्षों को साझा करते हैं। कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि यह सम्मेलन राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशेष पहचान बनाएगा और उच्च कोटि के शोधार्थियों व विशेषज्ञों को आकर्षित करेगा। इस अवसर पर डॉ. रूलदा राम, डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. अनुपम खन्ना, डॉ. विकास पोपली, डॉ. सचिन यादव, डॉ. अभिलाषा, डॉ. सरिता देवी, डॉ. तनु, डॉ. संजीव कुमार ग्रेवाल एवं डॉ. सतपाल सिंह सहित अनेक प्राध्यापक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

## बदलती जीवनशैली और खान-पान के कारण मधुमेह तेजी से बढ़ रहा : दीपक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद

रोटरी क्लब शाहाबाद मारकण्डा द्वारा सिद्धार्थ अस्पताल में निःशुल्क एच.बी.ए.1.सी. एवं शुगर (आर.बी.एस.) जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर माइक्रोलैब्स लिमिटेड कंपनी के सहयोग से लगाया गया, जिसमें विशेषज्ञ टीम द्वारा कुल 160 मरीजों की शुगर से संबंधित महत्वपूर्ण जांच की गई। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. दीपक शर्मा ने बताया कि एच.बी.ए.1.सी. और शुगर (आर.बी.एस.) जैसी जांचें मधुमेह की सही स्थिति का पता लगाने में अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और खान-पान के कारण मधुमेह तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में समय-समय पर इस प्रकार के जांच शिविर लोगों को जागरूक करने और बीमारी की समय रहते पहचान करने में सहायक सिद्ध होते हैं। रोटरी क्लब का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। रोटरी प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने अपने संबोधन में



कहा कि रोटरी क्लब निरंतर जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर और अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने माइक्रोलैब्स लिमिटेड कंपनी एवं सिद्धार्थ अस्पताल के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम जारी रखने की बात कही। शिविर के दौरान मरीजों को मधुमेह के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें उचित परामर्श भी प्रदान किया गया।



## खेत्री बोकर मां के चरणों में ज्वाला-ज्योति प्रचंड कर मां के स्वरूप कन्याओं का किया पूजन

कुरुक्षेत्र। चैत्र नवरात्रि महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर जय ओंकार आश्रम आदिशक्तिपीठ शांतिनगर कुरड़ी व जय ओंकार आश्रम श्रीब्रह्मा मंदिर में स्थापित श्रीमद्भगवती महामाया आदिशक्ति व मां बाला सुंदरी जी के चरणों में श्रीश्री 1008 सदगुरुदेव स्वामी शक्ति देव जी महाराज कुरडी वाले एवं सदगुरुदेव स्वामी संतोष ओंकार कुरडी वालों के द्वारा व स्वामी संदीप ओंकार द्वारा मां के चरणों में चैत्र नवरात्र-महोत्सव के अवसर पर घटस्थापना कर खेत्री बोकर मां के चरणों में ज्वाला-ज्योति प्रचंड कर मां के स्वरूप कन्याओं का पूजन किया गया। इस अवसर पर मां को सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित कर गंगाजल से स्नान कराकर विधिवत मंत्रोचारण के साथ पूजा-अर्चना कर मां के स्वरूप का कन्याओं को रक्षा-सूत्र बांधकर पूजन किया गया। स्वामी संदीप ओंकार ने कहा कि मां के पावन पर्व पर हमें अपने घरों में मां की ज्योति जागृत करनी चाहिए और मां के चरणों में अखंड ज्वाला -ज्योति प्रचंड करनी चाहिए एवं आदिशक्ति स्वरूप कन्या-पूजन प्रतिदिन करना चाहिए, ओंकार महायज्ञ में दुर्गा-सहस्त्रनामावली से आहुतियां डाली गई।



लाडवा। माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में यज्ञ को लेकर कलश उठाती महिलाएं।

## कलश यात्रा के साथ माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में सहस्त्र चंडी पूजन व महायज्ञ शुरू

लाडवा। गांव बन मोड़ के पास स्थित माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में भव्य कलश यात्रा के साथ सहस्त्र चंडी पूजन व महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ हो गया। मंदिर सेवा समिति के प्रधान नरेश गर्ग ने बताया कि इस महायज्ञ को लेकर सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थीं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशाल पंडाल, भव्य हवन कुंड और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस बार ग्रह-नक्षत्रों के अनुसार विशेष रूप से तैयार किए गए हवन कुंड इस आयोजन का मुख्य आकर्षण हैं। उन्होंने कहा कि 19 मार्च से 26 मार्च तक चलने वाले इस महायज्ञ में क्षेत्र के श्रद्धालु बढ़-चढकर भाग ले रहे हैं और प्रतिदिन बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। वहीं मंदिर के पंडित नरेश नौटियाल ने कहा कि शास्त्रों में चंडी यज्ञ को अत्यंत पुण्यदायी और कल्याणकारी बताया गया है। इस यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मौके पर संरक्षक हरबिलास गर्ग, एसके गर्ग, सतप्रकाश शर्मा, भगवान दास अरोड़ा, संदीप गोयल, सुमित गर्ग, विशाल गर्ग, अमन गर्ग आदि मौजूद थे।

**धर्म-कर्म** | चैत्र चौदस मेले ने श्रद्धालुओं को एक सूत्र में पिरोने का किया काम

# हिंदू-सिख समुदाय की एकता का नजारा देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा

ऐतिहासिक धर्मनगरी पिहोवा के सरस्वती तीर्थ पर चैत्र चौदस मेले के यादगार लम्हों ने हिंदू ओर सिख समुदाय के लाखों लोगों को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। दोनों समुदाय के लोग इस तीर्थ के पवित्र जल में एक साथ डुबकी लगाकर अपने पितरों की शांति के लिए कामना करते नजर आ रहे थे। चैत्र चौदस मेले के आखिरी दिन हिंदू सिख एकता का दृश्य हजारों साल पुरानी परंपरा को बयां कर रहा था। रोचक पहलू यह है कि राजस्थान-हिमाचल ओर पंजाब से आने वाले कुछ परिवार एक साल इस मेले के आने का इंतजार करते हैं। इस मेले के जरिए ही इन परिवारों



पिहोवा। पूर्वजों के नामित पिंडदान करवाते श्रद्धालु।

में दोस्ताना संबंध स्थापित हुए। कई परिवारों ने तो भाई चारा तक कायम कर लिया है। श्रद्धालुओं का कहना है कि वे इस चैत्र चौदस मेले में पितरों की आत्मिक शांति के लिए आते है। उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिल कुमार दून ने कहा कि विश्व प्रसिद्घ चैत्र चौदस मेले में विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु सरस्वती तीर्थ पर पहुंचे, इन श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस मेले में किसी भी श्रद्धालुओं को सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से परेशानी नहीं आने दी गई। इन श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन की तरफ से करीब अधिकारियों और कर्मचारियों को नियुक्त किया गया था। चैत्र चौदस मेले में कई जगहों पर नाकाबंदी की गई थी और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। महिला घाट पर महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था और पुलिस कर्मचारी और अधिकारी मेले की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे हुए थे। यह मेला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुआ, इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार भी व्यक्त किया है।

### क्या है हिंदू-सिख एकता का रहस्य

पिहोवा में सिखों के प्रथम गुरु नानक देव जी, छठी पातशाही गुरु हरगोबिंद, नौवीं पातशाही गुरू तेग बहादुर व 10वीं पातशाही गुरु गोबिंद सिंह जी ने इस पवित्र शहर में आए। इस प्रकार भगवान शिव शंकर, भगवान श्री कृष्ण सहित अनेक देवी देवताओं ने इस धर्म नगरी मे आए थे। इसलिए चैत्र चौदस मेले पर दोनों समुदाय के लोग श्रद्धा भाव से आते हैं।

### श्रद्धालुओं ने जमकर की खरीदारी

देश के कोने कोने से आए लाखों श्रद्धालुओं ने सरस्वती तीर्थ के आस पास दुकानों पर जमकर खरीदारी की। तहसील रोड, मेन बाजार, सरस्वती चौक, गुरुद्वारा रोड आदि जगहों पर आस पास के क्षेत्रों से आए दुकानदारों ने बच्चों के लिए प्लास्टिक, लकड़ी ओर लोहे से बनाए गए आकर्षक खिलौने रखे गए थे। हर दुकान पर खिलौने खरीदने ओर देखने वालों की भीड़ देख जा सकती थी।

